अमर उजाला

बरेली
बुधवार, 13 मई 2026
ज्येष्ठ कृष्ण-एकादशी
विक्रम संवत-2083

PAGE NO.- 10 : BOTTOM

रामजीत कौर को सर्वश्रेष्ठ नर्स पुरस्कार

बरेली (वि)। एसआरएमएस कॉलेज ऑफ नर्सिंग में मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय नर्सेज दिवस समारोह आयोजित किया गया। इसमें आईएमएस स्थित रेडिएशन ऑन्कोलॉजी वार्ड की स्टाफ नर्स रामजीत कौर को सर्वश्रेष्ठ नर्स पुरस्कार से सम्मानित किया गया। समारोह का आरंभ एसआरएमएस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, टेक्नोलॉजी एंड रिसर्च (सीईटीआर) स्थित ऑडिटोरियम में दीप प्रज्वलन, सरस्वती वंदना और संस्थान गीत के साथ हुआ। एसआरएमएस आईएमएस के मुख्य मैट्रन ज्ञान प्रकाश शर्मा ने सभी का स्वागत किया। नर्सिंग के प्रोफेसर पराग राम ने अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस की थीम 'हमारी नर्सें, हमारा भविष्य: नर्सों की देखभाल अर्थव्यवस्थाओं को मजबूत बनाती हैं' की जानकारी दी। कार्यक्रम में नर्सिंग पेशेवरों के महत्व को रेखांकित किया गया और समाज एवं मरीजों की देखभाल में उनके बहुमूल्य योगदान की सराहना की गई। इस अवसर पर 'हमारी नर्सें, हमारा भविष्य' विषय पर आयोजित पोस्टर प्रतियोगिता के विजेताओं को भी सम्मानित किया गया। नर्सिंग के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक और नृत्य प्रस्तुतियां भी दीं। इस कार्यक्रम में एसआरएमएस ट्रस्ट एडवाइजर इंजीनियर सुभाष मेहरा, एसआरएमएस कॉलेज ऑफ नर्सिंग की प्रिंसिपल डॉ. मुथु माहेश्वरी और आईएमएस के प्रिंसिपल एयर मार्शल डॉ. एमएस बुटोला उपस्थित थे। एसआरएमएस सीईटीआर के डीन एकेडमिक्स डॉ. शैलेश सक्सेना तथा आईएमएस के मेडिकल सुप्रिटेंडेंट लेफ्टिनेंट कर्नल डॉ. आरपी सिंह भी इस अवसर पर मौजूद रहे। समारोह का संचालन बीएससी नर्सिंग बैच 2024 की छात्रा कृपा थॉमस ने किया। उनके साथ बीएससी नर्सिंग बैच 2022 की छात्रा अंशिमा शुक्ला ने भी संचालन में सहयोग दिया।